आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 03.3.2025
समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा– राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 को आत्मसात कर हमें अपने शिक्षण और अनुसंधान संस्थानों को परिवर्तनकारी बनाना होगा।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी प्रवासियों से उत्तराखंड स्थित उनके पुश्तैनी गांव और पहाड़ों के विकास में सहभागी बनने का आवाहन किया।
- माणा गांव के निकट हुए हिमस्खलन में लापता श्रमवीरों की तलाश के लिए चलाया जा रहा सर्च ऑपरेशन समाप्त हुआ। इस हादसे में 8 श्रमिकों की मृत्यु, 46 श्रमवीरों को सुरक्षित निकाला गया।
- मुख्यमंत्री ने हिमस्खलन की घटनाओं में कम नुकसान के लिए हिमस्खलन निगरानी तंत्र विकसित करने के निर्देश दिए हैं।

**दून विश्वविद्यालय**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) ने कहा है कि भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा और राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 को आत्मसात कर हमें अपने शिक्षण और अनुसंधान संस्थानों को परिवर्तनकारी बनाना होगा। वे दून विश्वविद्यालय में विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान की ओर से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संस्थागत नेतृत्व समागम–2025 के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने भारत केंद्रित शिक्षा और अनुसंधान को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया और संस्थागत नेतृत्व को राष्ट्र निर्माण की एक महत्वपूर्ण कड़ी बताया। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन केवल विमर्श का मंच नहीं, बल्कि एक विकसित भारत के निर्माण के लिए संस्थानों की भूमिका को पुनर्परिभाषित करने का अवसर है।

राज्यपाल ने कहा कि एक राष्ट्र की मजबूती उसकी शिक्षण संस्थाओं पर निर्भर करती है और ये संस्थाएं उतनी ही सशक्त होती हैं, जितना दूरदर्शी उनका नेतृत्व होता है।

राज्यपाल ने कहा कि इस सम्मेलन में जारी देहरादून घोषणापत्र देश के शिक्षण संस्थानों के नेतृत्व में सुधार की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा। राज्यपाल ने सभी शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं को भविष्य में भी इसी तरह शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में उत्कृष्टता लाने के लिए प्रेरित किया और भारत को ज्ञान–विज्ञान में विश्व गुरु बनाने की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया।

## उत्तरैणी–मकरैंण महोत्सव

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी प्रवासियों से उत्तराखंड स्थित उनके पुश्तैनी गांव और पहाड़ों के विकास में सहभागी बनने का आवाहन किया।

मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में आयोजित उत्तरैणी–मकरैंण महोत्सव में प्रवासियों से अपनी पैतृक भूमि में निवेश कर वहां स्वरोजगार, लघु उद्योगों को बढ़ावा देकर अपनी जन्मभूमि को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के महोत्सव हमारी सांस्कृतिक विरासत लोक कला लोक संगीत को बढ़ावा देने के साथ उत्तराखंडी प्रवासियों को प्रेम के एक सूत्र में पिरोने का भी कार्य करते हैं। उन्होंने इस महोत्सव को उत्तराखंड की संस्कृति वेशभूषा खानपान और अपनेपन का संगम बताया है। महोत्सव में पारंपरिक हस्तशिल्प, जैविक उत्पाद और उत्तराखंडी व्यंजनों को भी प्रदर्शित किया गया है।

## केंद्रीय शिक्षा मंत्री

प्रदेश में दो मॉडल महाविद्यालय और एक टीचर्स ट्रेनिंग संस्थान का निर्माण किया जाएगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने राज्य में एनईपी–2020 के क्रियान्वयन को लेकर प्रदेश के उच्च और विद्यालयी शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में इन संस्थानों को मंजूरी दी।

बैठक में केंद्रीय मंत्री ने कक्षा 1 से लेकर 12 तक कि पाठ्य पुस्तकों को स्थानीय संदर्भों को समाहित करते हुये तैयार करने के निर्देश दिये। इसके अलावा उन्होंने बाल वाटिका के प्रभावी संचालन की बात कही।

इस दौरान प्रदेश के शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री से राज्य में समग्र शिक्षा के बजट में वृद्धि, वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्य की समस्त पाठ्यपुस्तकों एवं राज्य के शिक्षा ढांचे को राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के आलोक में संचालित करने का आग्रह किया।

## उपराष्ट्रपति

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देश के विकास के लिए नवाचार और अनुसंधान की भूमिका पर जोर देते हुए कहा है कि भारत विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व करे। उपराष्ट्रपति ने शोध, विकास और नवाचार में कॉर्पोरेट निवेश की आवश्यकता पर बल देते हुए उद्यमियों से वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का आग्रह किया। उन्होंने चंद्रयान मिशन का उदाहरण देते हुए कहा कि शुरुआती चरण में यह मिशन विफल रहा, लेकिन अनेक चुनौतियों के बाद सफलता मिली।

**माणा गांव**

चमोली जिले के माणा गांव के निकट हुए हिमस्खलन हादसे में लापता श्रमवीरों की तलाश के लिए चलाया जा रहा सर्च ऑपरेशन कल समाप्त हो गया है। तीसरे दिन बचाव दल ने लापता चार श्रमिकों के शव बरामद किए। इस घटना में कुल 8 लोगों की जान चली गई। हिमस्खलन में फंसे 46 श्रमिकों को सुरक्षित बचा लिया गया और उनका इलाज किया जा रहा है। इस घटना से कुल मिलाकर 54 श्रमिक प्रभावित हुए थे।

इस बीच, मुख्यमंत्री ने हिमस्खलन की घटनाओं में कम नुकसान के लिए हिमस्खलन निगरानी तंत्र विकसित करने के निर्देश दिए हैं। रेस्क्यू अभियान पूरा होने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन में भारतीय सेना, आईटीबीपी, सीमा सड़क संगठन, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस, जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने अदम्य साहस और समर्पण का परिचय दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्पताल में भर्ती घायल श्रमिकों की चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। सरकार पूरी तरह प्रभावितों के साथ खड़ी है और हरसंभव सहायता दी जाएगी और मृतक श्रम वीरों के पार्थिव शरीर उनके परिजनों को सौंपने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

**57वीं ट्रैक और फील्ड प्रतियोगिता**

उधमसिंह नगर के गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय 57वीं एथलेटिक प्रतियोगिता के आखिरी दिन विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं ने अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन दिखाया।

वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग 800 मीटर दौड़ में कनिष्क वर्मा ने पहला स्थान प्राप्त किया। पुरूष वर्ग के शॉटपुट में आयुष पुरोहित ने 9 दशमलव पांच दो मीटर गोला फेंक कर पहला स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग के शॉटपुट में अनुप्रिया आर्य ने 6 दशमलव आठ नौ मीटर के साथ पहला स्थान हासिल किया। पुरूष वर्ग की लॉगजंप में विशाल ने पहला स्थान जबकि 4 गुणा 400 मीटर रिले के महिला वर्ग में मंदाकिनी होस्टल की छात्राओं ने कब्जा जमाया।

ऊंची कूद में गोल्ड मैडल हासिल करने वाली महिला खिलाड़ी महक का कहना है कि शिक्षा के साथ साथ खेल भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इससे दिमाग और शरीर दोनों स्वस्थ रहता है।

शिक्षिका डॉ पूनम त्यागी का कहना है कि विश्वविद्यालय एथेलेटिक मीट में छात्रों की भागीदारी पहले की अपेक्षा काफी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि राज्य में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों से छात्र छात्राओं को काफी प्रेरणा मिली है।

**एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर....**

माणा में हुए हिमस्खलन हादसे के बाद रेस्क्यू अभियान पूरा होने की खबर आज सभी समाचार पत्रों की सुर्खी बनी है। नवोदय टाइम्स लिखता है– माणा में रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा, लापता बाकी 4 श्रमिकों के शव मिले। अगली सबहेडलाइन में नवोदय टाइम्स लिखता है कि सभी को लाया गया जोशीमठ, पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे गए।

मतदाता सूची से नाम काटने और जोड़ने को लेकर – दैनिक जागरण चुनाव आयोग के हवाले से लिखता है– मतदाता सूची से जुड़ेंगे मोबाइल व ईमेल, नाम कटने या जुड़ने की तुरंत मिलेगी जानकारी। इस खबर पर हिन्दुस्तान लिखता है– दो वोटर कार्ड पर एक नंबर संभव।

प्रदेश में 4 साल में ढाई गुना बढ़े अति कुपोषित बच्चे– अमर उजाला की सुर्खी है।

ब्रिटेन, फ्रांस और यूक्रेन युद्ध विराम योजना पर सहमत– राष्ट्रीय सहारा की सुर्खी।